# SET 2016

## PAPER – III

## HINDI

| | |
|---|---|
| Signature of the Invigilator | Question Booklet No. 180902 |
| 1. | OMR Sheet No.. |
| **Subject Code** 18 | **ROLL No.** |
| **Time Allowed : 150 Minutes** | **Max. Marks : 150** |
| No. of pages in this Booklet : **12** | No. of Questions : **75** |

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Write your Roll No. and the OMR Sheet No. in the spaces provided on top of this page.
2. Fill in the necessary information in the spaces provided on the OMR response sheet.
3. This booklet consists of seventy five (75) compulsory questions each carrying 2 marks.
4. Examine the question booklet carefully and tally the number of pages/questions in the booklet with the information printed above. **Do not accept a damaged or open booklet.** Damaged or faulty booklet may be got replaced within the first **5** minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time given.
5. Each Question has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D) in the OMR sheet. You have to completely darken the circle indicating the most appropriate response against each item as in the illustration.

   (A) (B) ● (D)

6. All entries in the OMR response sheet are to be recorded in the original copy only.
7. Use only Blue/Black Ball point pen.
8. Rough Work is to be done on the blank pages provided at the end of this booklet.
9. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except in the spaces allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
10. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. **You are, however, allowed to carry the test booklet and the duplicate copy of OMR Sheet** on conclusion of examination.
11. Use of any calculator, mobile phone or log table etc. is strictly prohibited.
12. **There is no negative marking.**

18-16

SEAL

## PAPER-III

## HINDI

1. इनमें से कौन-सा अष्टछाप का कवि नहीं है ?

(A) चतुर्भुजदास (B) ध्रुवदास

(C) परमानंददास (D) नंददास

2. हीरामन तोता पद्मावत में किसका प्रतीक है ?

(A) शरीर का (B) बुद्धि का

(C) हृदय का (D) गुरु का

3. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I (दार्शनिक मत) | सूची–II (प्रवर्तक आचार्य) |
|---|---|
| (a) शुद्धाद्वैतवाद | (1) रामानुजाचार्य |
| (b) अद्वैतवाद | (2) विष्णु स्वामी |
| (c) द्वैतवाद | (3) शंकराचार्य |
| (d) विशिष्टाद्वैतवाद | (4) माध्वाचार्य |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (4) | (2) | (3) |
| (B) | (3) | (2) | (4) | (1) |
| (C) | (4) | (2) | (1) | (3) |
| (D) | (2) | (3) | (4) | (1) |

4. 'भूषन बिनु न बिराजई कविता बनिता मित्त' के आधार पर केशव किस प्रकार का कवि है ?

(A) चमत्कारवादी (B) अलंकारवादी

(C) रीतिवादी (D) रसवादी

5. 'श्रृंगार लतिका' के रचयिता कवि का नाम है :

(A) बोधा (B) ठाकुर

(C) द्विजदेव (D) घनानंद

6. प्रयोगवाद के प्रवर्तक हैं :

(A) अज्ञेय (B) मुक्तिबोध

(C) भारतेंदु (D) जयशंकर प्रसाद

7. पंत की इन रचनाओं को प्रकाशन काल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(A) चिंदबरा, पल्लव, ग्रंथि, स्वर्ण किरण

(B) ग्रंथि, पल्लव, स्वर्ण किरण, चिंदबरा

(C) पल्लव, चिंदबरा, स्वर्ण किरण, ग्रंथि

(D) स्वर्ण किरण, चिंदबरा, पल्लव, ग्रंथि

8. रबड़छंद और केंचुआ छंद कहकर किसकी कविताओं की छंद योजना की आलोचना की गई ?

(A) निराला (B) हरिऔध

(C) प्रसाद (D) महादेवी

9. तीसरा सप्तक का प्रकाशन कब हुआ ?

(A) 1943 ई. (B) 1951 ई.

(C) 1959 ई. (D) 1960 ई.

10. 'कुआनो नदी' के रचयिता हैं :

(A) कुंवर नारायण (B) कीर्ति चौधरी

(C) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना (D) लीलाधर जगूड़ी

11. 'हाइकू' कविता का संबंध मूलत: किस देश से है ?

(A) आस्ट्रेलिया (B) इटली

(C) जापान (D) म्यांमार

12. 'हम होंगे कामयाब' (We shall over come) यह हिंदी अनुवाद किसने किया ?

(A) मुक्तिबोध (B) गिरिजाकुमार माथुर

(C) अज्ञेय (D) निराला

13. 'मैं देखता रहा, हर तरफ ऊब थी। संशय था, नफरत थी' ये पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) रघुवीर सहाय (B) कुंवर नारायण

(C) धूमिल (D) नरेश मेहता

14. 'परीक्षा गुरु' उपन्यास के नायक का नाम है :

(A) ब्रजमोहन (B) मदनमोहन

(C) राधेश्याम (D) श्यामरस

15. **स्थापना (Assertion) (A) :** यथार्थवाद कलाकार 'जीवन क्या है' उत्तर देता है, जबकि आदर्शवादी 'जीवन क्या होना चाहिए' को बताता है।

**तर्क (Reasoning) (R) :** प्रेमचंद के उपन्यासों में 'आदर्शोन्मुखी यथार्थवाद' का चित्रण किया गया है।

उक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित में से उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

(A) (A) सही तथा (R) गलत

(B) (A) गलत (R) सही

(C) (A) और (R) दोनों सही

(D) (A) और (R) दोनों गलत

16. 'यही सच है' कहानी की लेखिका हैं :

(A) कृष्णा सोबती (B) मन्नू भंडारी

(C) उषा प्रियंवदा (D) सूर्यबाला

17. 'साधु रामदास' किस उपन्यास का पात्र है ?

(A) मैला आँचल (B) गोदान

(C) बाणभट्ट की आत्मकथा (D) शेखर एक जीवनी

18. इनमें कौन-सी अर्थ प्रकृति नहीं है ?

(A) बीज (B) बिंदु

(C) नियताप्ति (D) प्रकटी

19. आचार्य मम्मट ने कितने काव्य प्रयोजन बताए हैं ?

(A) चार (B) पाँच

(C) छ: (D) सात

20. 'चित्रतुरंग न्याय' का उल्लेख किस आचार्य ने किया है

(A) भट्ट लोल्लट (B) भरतमुनि

(C) आचार्य शंकुक (D) भट्ट नायक

21. 'स्वयं प्रकाश ज्ञान' का संबंध किस सिद्धांत से है ?

(A) स्वच्छंदतावाद (B) अभिव्यंजनावाद

(C) निर्वैयक्तिवाद (D) विखंडनवाद

22. सूरदास के भ्रमरगीत के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है ?

(A) इनमें सगुण का मंडन और निर्गुण का खंडन है

(B) उद्धव-गोपी संवाद का प्रसंग ही भ्रमरगीत कहा जाता है

(C) भ्रमरगीत सार का संपादन श्यामसुंदरदास ने किया है

(D) भ्रमरगीत में उद्धव गोपियों को ज्ञान-योग की शिक्षा देने का प्रयास करते हैं

SEAL

23. 'असाध्य वीणा' को किसने गढ़ा था ?

(A) प्रियंवदा ने (B) केशकम्बली ने

(C) वज्रकीर्ति ने (D) राजा ने

**निर्देश:- निम्नलिखित अवतरण पर पूछे गए प्रश्नों 24 से 28 के उत्तर दीजिए :**

अबे सुन बे गुलाब
भूल मत जो पाई खुशबू रंगों अब
खून चूसा खाद का तूने अशिष्ट
डाल पर इतरा रहा कैपेटलिस्ट

24. ये पंक्तियाँ किस कवि की और किस कविता की हैं ?

(A) निराला, राम की शक्ति पूजा

(B) निराला, कुकुरमुत्ता

(C) अज्ञेय, असाध्य वीणा

(D) प्रसाद, कामायनी

25. उक्त पंक्तियों का मूल स्वर है :

(A) छायावादी (B) प्रयोगवादी

(C) प्रगतिवादी (D) स्वच्छंदतावादी

26. गुलाब किसका प्रतीक है ?

(A) पुष्प का (B) पूँजीपति का

(C) श्रमिक का (D) समाज का

27. 'रंगो आब' शब्द किस भाषा का है ?

(A) हिंदी (B) फ़ारसी

(C) अंग्रेज़ी (D) बंगला

28. 'कैपेटलिस्ट' का तात्पर्य है :

(A) पूँजी (B) पूँजीपति

(C) श्रमिक (D) व्यक्ति

29. 'संपत्ति की यह बेड़ी' में कौन-सा अलंकार है ?

(A) रूपक (B) उपमा

(C) उत्प्रेक्षा (D) असंगति

30. 'आधे अधूरे' रंगमंच के अनुकूल है, क्योंकि :

(A) इसमें पात्र संख्या सीमित है

(B) इसकी भाषा कठिन है

(C) कथावस्तु विस्तृत है

(D) इसका संवाद अच्छा नहीं है

31. 'काशी में हम प्रगट भए, रामानंद चेताए'-किसकी पंक्ति है ?

(A) कबीर (B) तुलसी

(C) सूर (D) रैदास

32. 'पृथ्वी पुत्र' नामक निबंध संकलन है :

(A) राहुल सांकृत्यायन का

(B) डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल का

(C) मोहन राकेश का

(D) हरिशंकर परसाई का

33. 'मैं बोरिशाइल्ला' किसकी रचना है ?

(A) अनामिका (B) महुआ माझी

(C) मैत्रेयी पुष्पा (D) चित्रा मुद्गल

34. 'कामायनी' के सर्गों का सही अनुक्रम है :

(A) चिंता, काम, आशा, श्रद्धा

(B) श्रद्धा, आशा, चिंता, काम

(C) चिंता, आशा, श्रद्धा, काम

(D) आशा, काम, श्रद्धा, चिंता

35. 'शब्दानुशासन' के लेखक हैं :

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) हेमचंद

(C) सरहपाद (D) स्वयंभू

36. 'तुम विद्युत बन आओ पाहुन, मेरे नयनों पर पग धर-धर' पंक्ति है :

(A) महादेवी वर्मा की (B) मीरा की

(C) नरेश मेहता की (D) लीलाधर जगूड़ी की

37. **स्थापना (Assertion) (A) :** व्यक्तिवाद का एक रूप अहंवाद है।

**तर्क (Reasoning) (R) :** अहंवादी व्यक्ति समाज का तिरस्कार करता है।

उक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित में से उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

(A) (A) सही (R) गलत

(B) (A) गलत (R) सही

(C) (A) और (R) दोनों गलत

(D) (A) और (R) दोनों सही

38. निम्नलिखित सिद्धांतों और चिंतकों को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) अनुमितिवाद | (1) अभिनवगुप्त |
| (b) उत्पत्तिवाद | (2) भट्टनायक |
| (c) साधारणीकरण | (3) भट्ट शंकुक |
| (d) अभिव्यक्तिवाद | (4) भट्ट लोल्लट |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (4) | (2) | (1) |
| (B) | (2) | (3) | (1) | (4) |
| (C) | (4) | (2) | (1) | (3) |
| (D) | (4) | (1) | (3) | (2) |

39. 'मतवाला' पत्रिका का प्रकाशन किस स्थान से होता था ?

(A) कलकत्ता (B) लखनऊ

(C) आगरा (D) दिल्ली

40. 'जे हाल मिसकी मकुन तगाफुल दुराय नैना, बनाय बतियाँ' किसकी पंक्ति है ?

(A) अमीर खुसरो (B) मुल्ला दाऊद

(C) चंद बरदाई (D) रसलीन

41. 'कोर्ट मार्शल' नाटक समाज की किस समस्या पर आधारित है ?

(A) जातिवाद (B) नारी शोषण

(C) युद्ध की समस्या (D) सांप्रदायिकता

42. निम्नलिखित काव्य लक्षणों को उनके आचार्यों के सही नामों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) शब्दार्थौ सहितो काव्यम् | (1) विश्वनाथ |
| (b) तद्दोषौ शब्दार्थौ सगुणा वनलंकृती पुनः सगुणा | (2) भामह |
| (c) वाक्यं रसात्मकं काव्यम् | (3) पंडित राज जगन्नाथ |
| (d) रमणीयार्थ-प्रतिपादकः शब्दः काव्यम् | (4) मम्मट |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (2) | (1) | (3) |
| (B) | (4) | (3) | (2) | (1) |
| (C) | (2) | (4) | (1) | (3) |
| (D) | (1) | (2) | (3) | (4) |

SEAL

43. प्रयोगवाद को 'बैठे ठाले का धंधा' किस आलोचक ने कहा ?

(A) नंद दुलारे वाजपेयी (B) रामविलास शर्मा

(C) शिवदानसिंह चौहान (D) नामवर सिंह

44. इनमें से हिन्दी साहित्य का इतिहास किसने नहीं लिखा ?

(A) नगेंद्र (B) लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय

(C) राजकुमार वर्मा (D) बच्चन सिंह

45. इतिहास की दृष्टि से हिंदी महाकाव्यों का सही अनुक्रम क्या है ?

(A) साकेत, लोकायतन, प्रियप्रवास, कामायनी

(B) प्रियप्रवास, कामायनी, साकेत, लोकायतन

(C) प्रियप्रवास, साकेत, कामायनी, लोकायतन

(D) लोकायतन, कामायनी, प्रियप्रवास, साकेत

46. निम्नलिखित में से कौन-से रीतिसिद्ध कवि हैं ?

(A) देव (B) बिहारी

(C) मतिराम (D) पद्माकर

47. तुलसीदास की किस रचना का संबंध ज्योतिष से है ?

(A) रामलला नहछू (B) जानकी मंगल

(C) हनुमान वाहुक (D) रामाज्ञा प्रश्न

48. 'ताजमहल का टेंडर' किसका नाटक है ?

(A) अजय शुक्ला (B) स्वदेश दीपक

(C) सुशील कुमार सिंह (D) विभुकुमार

49. 'कृष्ण गीतावली' किसकी रचना है ?

(A) मीराबाई (B) रसखान

(C) सूरदास (D) तुलसीदास

50. 'महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय' का मुख्यालय है :

(A) लखनऊ (B) पुणे

(C) दिल्ली (D) वर्धा

51. निम्नलिखित काव्यशास्त्रीय ग्रंथों का सही अनुक्रम कौन-सा है ?

(A) काव्यानुशासन, साहित्य दर्पण, रस मंजरी, रस गंगाधर

(B) साहित्य दर्पण, काव्यानुशासन, रस गंगाधार, रस मंजरी

(C) रस मंजरी, साहित्य दर्पण, रस गंगाधर, काव्यानुशासन

(D) काव्यनुशासन, साहित्य दर्पण, रस गंगाधर, रस मंजरी

52. अष्टछाप के कवियों में प्रथम नियुक्त कीर्तनकार कवि कौन थे ?

(A) नंददास (B) कृष्णदास

(C) सूरदास (D) कुंभनदास

53. उत्कंठा पूर्ण आनंद किसके अंतर्गत लिया जाता है ?

(A) वीरता के अंतर्गत (B) उत्साह के अंतर्गत

(C) युद्ध के अंतर्गत (D) दान के अंतर्गत

54. निम्नलिखित नाटकों का सही अनुक्रम कौन-सा है ?

(A) कफन, ग्राम, पोल गोमरा का स्कूटर, डिप्टी कलेक्टरी

(B) ग्राम, कफन, डिप्टी कलेक्टरी, पोल गोमरा का स्कूटर

(C) पोल गोमरा का स्कूटर, डिप्टी कलेक्टरी, कफन, ग्राम

(D) पोल गोमरा का स्कूटर, ग्राम, डिप्टी कलेक्टरी, कफन

55. 'हल्लीश' के बारे में क्या सत्य है ?
(A) आधुनिक छंद शास्त्रियों द्वारा खोजा गया एक नवीनतम छंद
(B) नारी-पात्र प्रधान एकांकी
(C) प्रसिद्ध सूफी संत-कवि जिसे कट्टर मुस्लिमों ने फांसी की सजा दी थी
(D) आदिकालीन रासो-ग्रंथों में प्रयुक्त एक छंद

56. 'सचेतन कहानी' आंदोलन एक साफ-सुथरा प्रगतिशील दृष्टिकोण वाला आंदोलन था जिसके समर्थक आनंद प्रकाश जैन, राजीव सक्सेना, कुलभूषण आदि थे। इस आंदोलन ने :
(A) कहानी को मूल्यहीनता और व्यक्तिपरकता से मुक्त करने का बीड़ा उठाया था
(B) केवल प्रेम-कथाओं को ही प्रश्रय दिया था
(C) प्रमुखत: ग्रामों का सजीव चित्रण खींचा था
(D) स्त्रियों की दुर्दशा का वर्णन किया था

57. 'मानुस प्रेम भएऊँ बैकुंठी। नाहिं त काह छार भरि मूठी।।' पंक्ति किस कवि की है ?
(A) मुल्ला दाऊद (B) कुतुबन
(C) जायसी (D) मंझन

58. नीचे 'उपन्यास' और उनके लेखकों के नाम दिए गए हैं, सुमेलित कीजिए :

| उपन्यास | लेखक |
|---|---|
| (a) जहाज की पक्षी | (1) उषा प्रियंवदा |
| (b) शह और मात | (2) रांगेय राघव |
| (c) रुकोगी नहीं राधिका | (3) राजेन्द्र यादव |
| (d) कब तक पुकारूँ | (4) इलाचंद्र जोशी |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (3) | (1) | (2) |
| (B) | (1) | (3) | (4) | (2) |
| (C) | (4) | (2) | (1) | (3) |
| (D) | (3) | (1) | (2) | (4) |

59. काली घटा का घमंड घटा में कौन-सा अलंकार द्रष्टव्य है ?
(A) उपमा (B) यमक
(C) वक्रोक्ति (D) श्लेष

60. 'रामायण महानाटक' किसकी रचना है ?
(A) तुलसीदास (B) नाभादास
(C) प्राणचंद चौहान (D) ईश्वरदास

**निर्देश : निम्नलिखित अवतरण पर पूछे गए 61 से 65 प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

"पिता का पता नहीं, झोंपड़ी भी न रह गई, सुवासिनी अभिनेत्री हो गई-संभवत: पेट की ज्वाला से, एक साथ दो-दो कुटुंबों का सर्वनाश और कुसुमपुर फूलों की सेज में ऊँघ रहा है, क्या इसीलिए राष्ट्र की शीतल छाया का संगठन मनुष्य ने किया था, मगध ! मगध ! सावधान ! इतना अत्याचार सहना असंभव है, तुझे उलट दूँगा, नया बनाऊँगा-नहीं तो नाश करूँगा। एक बार चलूँ, नंद से कहूँ, नहीं-परंतु मेरी भूमि, मेरी वृत्ति-वही मिल जाए, मैं शस्त्र-व्यवसाई न रहूँगा, मैं कृष्ण बनूँगा, मुझे राष्ट्र की भलाई बुराई से क्या, तो चलूँ। यह एक लकड़ी का स्तंभ अभी उसी झोंपड़ी का खड़ा है, इसके साथ तेरे बाल्यकाल की सहस्रों भांवरियाँ लिपटी हुई हैं, जिन पर धवल मधुर हंसी का आवरण चढ़ा रहता था, शैशव की स्मृति ! विलिन हो जा !"

61. उक्त अवतरण का संदर्भ बताइए :
(A) प्रसाद, चंद्रगुप्त
(B) मोहन राकेश, आधे अधूरे
(C) प्रेमचंद, गोदान
(D) प्रसाद, स्कंदगुप्त

SEAL

62. उक्त कथन किसका किससे है ?

(A) चाणक्य चंद्रगुप्त से

(B) चाणक्य का स्वगत कथन

(C) चाणक्य अपने पड़ोसी से

(D) चंद्रगुप्त चाणक्य से

63. सुवासिनी कौन थी ?

(A) चाणक्य की पत्नी (B) चाणक्य की प्रेमिका

(C) शकटार की पुत्री (D) चंद्रगुप्त की पत्नी

64. सुवासिनी अभिनेत्री क्यों हो गई ?

(A) उसमें अभिनय प्रतिभा थी

(B) उसके पिता शकटार की संपत्ति नंद ने छीन ली

(C) सुवासिनी के पास भरण-पोषण का कोई साधन न था

(D) अपनी इच्छा से

65. सुहासिनी किस प्रकार का पात्र है ?

(A) ऐतिहासिक (B) काल्पनिक

(C) आदर्शवादी (D) पौराणिक

66. 'असाध्य वीणा' अज्ञेय के किस काव्य संग्रह में संकलित है ?

(A) इत्यलम

(B) आँगन के पार द्वार

(C) हरी घास पर क्षण भर

(D) अरी ओ करुणा प्रभामय

**निर्देश : इस काव्यातरण पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिए :**

सब ने अलग-अलग संगीत सुना, इसको
वह कृपा-वाक्य था प्रभुओं का-उसको
आंतक-मुक्ति का आश्वासन इसको
वह भरी तिजोरी में सोने की खनक उसे
बटुली में बहुत दिनों के बाद अन्न की सोंधी खुशबू।
किसी एक को नयी वधु की सहमी सी पायल ध्वनि।
किसी दूसरे को शिशु की किलकारी।
एक को जाल-फंसी मछली की तड़पन-
एक अपर को चहक मुक्त नभ में उड़ती चिड़िया की।

67. उक्त अवतरण का संदर्भ दीजिए :

(A) अज्ञेय, असाध्य वीणा (B) मुक्तिबोध, अंधेरे में

(C) निराला, कुकुरमुत्ता (D) प्रसाद, कामायनी

68. आतंक मुक्ति का आश्वासन वीणा की आवाज़ से किसे मिला ?

(A) शोषकों को (B) शोषितों को

(C) राजा को (D) रानी को

69. 'भरी तिजोरी में सोने की खनक' जैसी असाध्य वीणा की आवाज़ किसको लगी ?

(A) व्यापारी को (B) भक्त को

(C) संगीतकार को (D) माँ को

70. कामुक व्यक्ति को असाध्य वीणा की आवाज़ कैसी लगी ?

(A) अन्न की सोंधी खुशबू जैसी

(B) सोने की खनक जैसी

(C) नव-वधु के पायलों की रुनझुन सी

(D) शिशु की किलकारी सी

71. वीणा की आवाज़ शिशु की किलकारी जैसी किसे लगी ?

(A) ममतामयी माँ को (B) राजा रानी को

(C) पूँजीपति को (D) किसान को

72. 'संवेदनशीलता का असाहचर्य' सिद्धांत किसका है ?

(A) टी.एस. ईलियट का (B) आई.ए. रिचर्डस का

(C) लैंगर बंधु का (D) क्रौंचे का

73. इन रचनाओं को काल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(A) चिंतामणि, कवि प्रिया, पद्माभरण, रस सिद्धांत

(B) कवि प्रिया, पद्माभरण, चिंतामणि, रस सिद्धांत

(C) रस सिद्धांत, कवि प्रिया, चिंतामणि, पद्माभरण,

(D) पद्माभरण, कवि प्रिया, रस सिद्धांत, चिंतामणि

74. लहनासिंह किस कहानी का पात्र है ?

(A) परिंदे (B) टूटना

(C) उसने कहा था (D) गुंडा

75. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| **सूची–I** (उपन्यास) | **सूची–II** (उपन्यासकार) |
|---|---|
| (a) आपका बंटी | (1) मनोहर श्याम जोशी |
| (b) कुरु कुरु स्वाहा | (2) भगवतीचरण वर्मा |
| (c) अलग-अलग वैतरणी | (3) मन्नु भंडारी |
| (d) चित्रलेखा | (4) शिव प्रसाद सिंह |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (B) | (3) | (4) | (2) | (1) |
| (C) | (3) | (1) | (4) | (2) |
| (D) | (2) | (1) | (3) | (4) |

SEAL